MAHECHA
PUBLICATION

Springboard ACADEMY

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

RAS FOUNDATION

CLASS NOTES

Available @JAIPUR JODHPUR

www.thenoteshub.com

The Notes Hub

© All Rights Reserved with the MAHECHA PUBLICATION

Contact Us : 7300134518 - 7610010054

Index

1. भारत-चीन संबंध 1
2. भारत-अमेरिका संबंध 40
3. भारत-रूस संबंध 70
4. NATO 90
5. भारत-यूरोपीयन यूनियन संबंध 96
6. भारत-पाकिस्तान संबंध 102
7. भारत-बांग्लादेश संबंध 114
8. भारत-अफगानिस्तान 123
9. भारत-नेपाल 130
10. भारत-भूटान 139
11. भारत-श्रीलंका 141
12. भारत-मालदीव 150
13. भारत-म्यांमार 157
14. BRICS 164
15. SAARC 168
16. BIMSTEC 172
17. संयुक्त राष्ट संघ 176
18. ASEAN 186
19. G-77, G-20 193
20. पश्चिम एशिया एवं सुदूर पूर्व में भू-राजनीतिक एवं रणनीतिक मुद्दे तथा उनका भारत पर प्रभाव 199
21. भारतीय विदेश नीति 224
22. अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद 232
23. गुट निरपेक्ष आंदोलन 235

भारत - चीन सम्बन्ध

* चीन का संक्षिप्त अवलोकन

जनसंख्या = 1.4 बिलियन

क्षेत्रफल = 9.6 मिलियन

→ यह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

→ दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक - आयातक देश है।

→ आबादी में बहुसंख्यक = हानचीनी

अल्पसंख्यक → मंगोल
→ उइघुर मुस्लीम [शिनजियांग]
→ तिब्बत बुद्ध

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610010034

* भाषा = मंदारिन

* प्रशासनिक उद्देश्य के लिए चीन का विभाजन

1. 34 प्रशासनिक इकाईयाँ
2. 23 प्रान्त
3. 4 नगरपालिका
4. 5 स्वायत्त क्षेत्र
5. 2 विशेष प्रशासनिक क्षेत्र

विशेष प्रशासनिक क्षेत्र

हांगकांग	मकाऊ
स्वतंत्र = 1997	1999
द्वारा = ब्रिटिश	पुर्तगाल

* चीनी विदेश नीति :-

→ चीनी विदेश नीति अपने प्राचीन साहित्य जैसे ART OF WAR पुस्तक सुंजु से प्रभावित है।
[सून त्जु]

→ चीन की विदेश नीति अत्यधिक आक्रामक, व्यावहारिक [परिणाम उन्मुख] और अपारदर्शी है।

→ आक्रामक विदेश नीति के कारण - वुल्फ वॉरियर कुटनीति कहा जाता है।

⊛ राजनीतिक पृष्ठभूमि :-

→ 1911 ई. में चीन में गणतंत्रात्मक क्रांति हुई। राजवंश [किंग] के स्थान पर गणतंत्रात्मक सरकार आ गई।

→ गणतंत्रात्मक क्रांति कुओमिन्तांग पार्टी के सुन यात सेन के नेतृत्व में
↳ मुख्य राजनैतिक दल
नेता = चियांग काई शेख

→ 1917 में रूस में साम्यवादी क्रांति हुई।

→ जिसके बाद माओत्से तुंग [चीन में] के नेतृत्व में साम्यवादी पार्टी [का गठन हुआ।

कुओमिनतांग v/s साम्यवादी पार्टी
↘ ↙
राजनैतिक वर्चस्व संघर्ष

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610100064

→ जिसके फलस्वरूप चीन में गृहयुद्ध हुआ।

→ अन्ततः 1949 में साम्यवादी पार्टी की जीत]

→ मुख्य चीन पर अधिकार = साम्यवादी पार्टी
↓
पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना

→ कुमिनतांग [चियानकाई शेख] पार्टी = ताइवान पर अधिकार
↓
रिपब्लिक ऑफ चाइना [ROC] कहा।

→ पश्चिमी देशों ने PROC को मान्यता नहीं दी थी।

→ भारत उन पहले देशों में से था जिसने साम्यवादी चीन को मान्यता दी।

प्रथम = म्यांमार

→ प्रारम्भ में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता ROC को दी गई।

→ PROC को स्थायी सदस्यता = 1971 AD

→ चीन में 1978 में आर्थिक सुधार हुये फलस्वरूप —

राजनीतिक दृष्टिकोण	आर्थिक दृष्टिकोण
↓	↓
साम्यवादी	पूंजीवाद

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610010064

	साम्यवाद	पूंजीवाद
1.	समानता पर बल	→ स्वतंत्रता पर बल
2.	निजी सम्पत्ति को मान्यता नहीं	→ निजी सम्पत्ति को मान्यता
3.	बाजार सरकार के द्वारा नियंत्रित	→ बाजार में सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं
4.	तानाशाही शासन	→ लोकतंत्र
5.	नास्तिक	→ धर्मनिरपेक्ष
6.	हिंसा का समर्थन	→ हिंसा का विरोध
7.	कर्तव्यों पर बल	→ अधिकारों पर बल
8.	संसाधनों का वितरण आवश्यकतानुसार	→ रीति के आधार पर

→ कार्ल मार्क्स —
दास कैपिटल
कम्युनिस्ट मेनिफेस्टो

→ एडम स्मिथ -
वेल्थ ऑफ नेशन

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610010064

⊛ <u>तिब्बत मुद्दा</u> :-

→ 1911 में तिब्बत ने स्वतंत्रता की घोषणा की।

→ 1950 AD में चीन ने तिब्बत पर आक्रमण कर अधिकार कर लिया।

→ जिसके निम्नलिखित परिणाम हुए-

1. ब्रिटिश काल में बफर स्टेट की नीति समाप्त

2. भारत - चीन के मध्य लम्बी सीमा रेखा अस्तित्व में आई।

3. यह चीन की विस्तारवादी नीति का प्रदर्शन था।

4. ब्रिटिश काल के भारत के विशेषाधिकारों पर प्रश्नचिह्न लगा।

[A]• तिब्बत की डाक व तार सेवा भारत के अधीन थी।

[B]• तिब्बत में एक ब्रिटिश [भारत] प्रतिनिधि नियुक्त

[C]• तिब्बत में व्यापारिक केन्द्र स्थापित किये जाते थे।

→ 1951 AD में तिब्बत ने चीन का आधिपत्य स्वीकारा

→ 1954 में तिब्बत के मुद्दे पर चीन व भारत के बीच एक समझौता हुआ।

→ इस समझौते में भारत ने तिब्बत में अपने विशेषाधिकार छोड़ दिये।

→ इस समझौते को पंचशील का नाम दिया गया।



THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610010004

→ चीन ने तिब्बत के आन्तरिक मामलों में हस्तक्षेप शुरू किया।

→ जिसके कारण 1959 में विरोध प्रदर्शन - तिब्बत में

→ इसके विरुद्ध चीन ने दमनात्मक कार्यवाही की।

→ तिब्बती बौद्धों के धर्मगुरु दलाईलामा को तिब्बत छोड़ना पड़ा

→ उन्हें भारत में शरण दी जिसके कारण चीन की नीति में बदलाव आया तथा चीन ने पहली बार सीमा विवाद उठाया।

→ वर्तमान में चीन तिब्बत में अपने नियंत्रण को सशक्त कर रहा है।

जैसे- जनसांख्यिकी परिवर्तन

→ तिब्बत में हान मूल के लोगों को बसाया जा रहा है जिससे तिब्बती बौद्धों को अल्पसंख्यक बना सके।

→ तिब्बत में बड़े स्तर पर आधारभूत ढांचे का निर्माण

जैसे - रोड
रेल
डैम

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518

सीमा विवाद :-

→ भारत - चीन के बीच सीमा विवाद 1959 में अस्तित्व में आया।

[3488]

पश्चिमी क्षेत्र	मध्य क्षेत्र	पूर्वी क्षेत्र
जम्मु- कश्मीर	H.P 200	सिक्किम 220
1597 Km	UTK 345	A.P 1126 km

⊛ पाश्चिमी सीमा / क्षेत्र :-



→ यहाँ विवाद अक्साई चीन के आधिपत्य को लेकर है।

→ भारत का दावा जॉनसन रेखा से है। जिसका निर्माण 1865 में ब्रिटिश काल में लद्दाख रियासत के राजस्व खातों से किया गया।

→ चीन इस रेखा को वैध नहीं मानता है, क्योंकि चीन को इसके बारे में सूचित नहीं किया गया था।

→ 1962 के युद्ध के बाद चीन ने अक्साई चीन पर अधिकार किया।

→ एक अन्य रेखा मेकडोनाल्ड लाइन है, जिसके बारे में सूचित [चीन] किया गया। लेकिन चीन ने कोई सहमति नहीं जताई।

→ यह रेखा अक्साई चीन को 2 भागों में बाँटती है।

→ वर्तमान में LAC [वास्तविक नियंत्रण रेखा] के माध्यम से नियंत्रण दबाया गया है।

→ LAC – 1962 के बाद अस्तित्व में आई।

→ यह रेखा पूरी तरह परिभाषित नहीं है। इसलिए समय-समय पर तनाव उत्पन्न होता है।

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610010024

2. मध्य क्षेत्र :-

→ इसमें हिमाचल प्रदेश व उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्र शामिल है।

→ इस क्षेत्र में अत्यधिक विवाद है।

→ इस क्षेत्र में बाराहोती [जिला - चमोली] मैदान को छोड़कर कोई विवाद नहीं।

3. पूर्वी क्षेत्र :- [अरुणाचल प्रदेश]

→ इस क्षेत्र में विवाद मेक-मेहन रेखा को लेकर है।

→ यह रेखा 1914 ई. में शिमला सम्मेलन में खींची गई थी। जहाँ हेनरी मेक मेहन ने ब्रिटिश भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

→ चीनी प्रतिनिधि ने सम्मेलन बीच में ही छोड़ दिया इसलिए भारत और तिब्बत के बीच अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर हुए।

→ चीन इस रेखा को वैद्य नहीं मानता है। और पूरे अरुणाचल प्रदेश पर दावा करता है।

→ चीन अरुणाचल प्र० को दक्षिणी तिब्बत कहता है।

→ चीन मेक-मेहन रेखा को वैद्य नहीं मानता क्योंकि -

1. यह साम्राज्यवादियों द्वारा खींची गई है।

2. यह समझौता तिब्बत के साथ था तथा चीन ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किये।

→ भारत चीन के दावे का खण्डन करता है -

→ 1. चीन साम्राज्यवादियों द्वारा बनाई अन्य रेखाओं को स्वीकार करता है -- चीन - म्यांमार सीमा

→ 2. तिब्बत 1914 ई. में स्वतंत्र व सम्प्रभु देश था अतः वह कोई भी समझौता कर सकता है।

✳ सिक्किम - चीन विवाद :-

→ सिक्किम का विलय भारत में 1975 में हुआ। लेकिन चीन ने इसे भारत की साम्राज्यवादी नीति बताकर विरोध किया।

→ 2003 में इसे चीन ने भारत के राज्य के रूप में मान्यता दी। परन्तु उत्तरी - सिक्किम का फिंगर टिप क्षेत्र अभी भी विवादास्पद है।

(4) अरुणाचल प्रदेश :-

→ पिछले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र में चीन का दावा बढ़ा है।

जैसे -

1. अरुणाचल के निवासियों को नत्थी वीजा जारी करना
2. चीन प्रशासनिक दस्तावेजों में AP में दक्षिणी तिब्बत कहा
3. चीन भारतीय P.M. व दलाईलामा की A.P की यात्रा का विरोध करता है।

⊛ तवांग का मुद्दा

→ यह अरुणाचल प्रदेश में स्थित तिब्बती बौद्धों का दूसरा सबसे बड़ा मठ है। जो वर्तमान में भारत के नियंत्रण में है।

→ 6th दलाईलामा तवांग से था। ऐसा अनुमान है कि आगामी [15th] दलाईलामा तवांग से हो सकता है।

→ यदि ऐसा होता है तो तिब्बती बौद्धों का तवांग विरोध का केन्द्र बनेगा।

→ इसलिए चीन तवांग पर अधिकार करना चाहता है।

THE NOTES HUB * All Competition Books * Notes are Available * 7300134518, 7610010054

⊛ तात्कालिक विवाद :-

→ चीन व भूटान के बीच 3 पहाड़ी क्षेत्र विवादित है।

→ 2017 में चीन ने डोकलाम पहाड़ पर सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया।

→ जिसका विरोध किया। – भारत



→ क्योंकि –

1. भारत व भूटान के बीच 2007 में एक मित्रता संधि हुयी जिसके अनुसार भूटान की रक्षा की जिम्मेदारी है।

2. भारत व चीन के बीच 2013 में सीमा सुरक्षा व सहयोग समझौता किया गया।

→ जिसके अनुसार जब तक सीमा-विवादों को हल नहीं किया जाता है तब तक सीमा पर यथास्थिति को परिवर्तित नहीं किया जायेगा। तथा सड़क निर्माण इसका उल्लंघन है।

→

3. <u>सिलीगुड़ी गलियारा</u> =

→ डोकलाम पठार इसके नजदीक है।

→ यह गलियारा सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। क्योंकि यह उत्तर-पूर्व के राज्यों को शेष भारत से जोड़ता है।

→ चीन का डोकलाम पठार पर अधिकार भारत को प्रभावित करेगा।

4. 73 दिन चला यह विवाद 2 प्रकार की नीतियों से हल किया गया —

[A] जमीनी स्तर पर सैन्य शान्ति को मजबूत बनाये रखना

[B] कूटनीतिक वार्ता को जारी रखना

THE NOTES HUB * All Competition Books & Notes are Available * 7300134518, 7610010024

* तात्कालिक विवाद - 2020 की घटनाएँ

→ भारत व चीन के बीच LAC पर विभिन्न झड़पें हुई।

1. **पैंगोंग त्सो** :- 5 मई 2020

→ यह 135 किमी लम्बी खारे पानी की झील है।

→ जो पूर्वी लद्दाख [45 km] व तिब्बत [90 km] स्थित है।

→ उत्तरी पैंगोंग पर स्थित पहाड़ी क्षेत्रों को फिंगर कहा जाता है।

→ झील से होकर LAC निकलती है भारत का दावा = फिंगर = 8
चीन का दावा = फिंगर = 2

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518

→ वर्तमान में भारत का नियंत्रण फिंगर - 4 तक था लेकिन अब फिंगर - 3 तक है।

→ चीन ने इस क्षेत्र में कारगील युद्ध 1999 व 2020 में अतिक्रमण किया

→ उत्तरी पैंगोंग में चीन की स्थिति मजबूत है।

→ 29-30 अगस्त को भारतीय सेना के द्वारा ऑपरेशन चलाकर दक्षिण पैंगोंग पर स्थित ब्लेक टॉप व हेलमेट हिल पर कब्जा कर लिया गया।

→ द. पैंगोंग में भारत की स्थिति मजबूत हो गई।

→ दोनों सेनाओं के पीछे हटने पर सहमति बनी।

→ भारत फिंगर - 3 व चीन फिंगर - 8 पर होगा।

→ इसके निकट चुशुल घाटी स्थित जहाँ रेजांग ला स्थित है।

→ रेजांग में 18 नव. 1962 को युद्ध लड़ा गया।

2. <u>गलवान घाटी</u> :-

→ 15 जून 2020 को गलवान घाटी पेट्रोलिंग पॉइंट 14 व 15 के बीच बड़ी झड़प हुयी।

→ जिसमें बिहार रेजिमेंट के 20 जवान शहीद हुये तथा चीन के 40 जवान मारे गये।

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610010034

→ लेकिन चीन इन आँकड़ों को अस्वीकारता है।

→ 1975 के बाद हुयी पहली हिंसक झड़प थी।

→ अक्टू. 1975 में तुलुंग ला क्षेत्र [अरुणाचल] में असम राइफल्स के 4 जवानों को धोखे से मार दिया गया था।

⊛ <u>2022 की घटना</u> :-

1. <u>यांगत्से क्षेत्र</u> [A.P] :-

→ 9 दिस. 2022 को चीनी सैनिकों ने अ. तवांग क्षेत्र के यांगत्से क्षेत्र में LAC का अतिक्रमण करने और एकतरफा तरीके से यथास्थिति को बदलने का प्रयास किया।

→ भारतीय सैनिकों ने दृढ़ता व संकल्प के साथ चीन के प्रयास का विरोध किया।

→ चीनी सैनिकों को अपनी चौकियों पर लौटने हेतु बाध्य किया।

→ 2023 में अमेरिकी सीनेट द्वारा पारित प्रस्ताव मैकमोहन रेखा को भारत – चीन के मध्य अन्तर्राष्ट्रीय सीमा का दर्जा दिया गया है।

विवाद के अन्य क्षेत्र :-



THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518

चीन की आक्रामकता के कारण :-

1. भारत के द्वारा सीमा पर आधारभूत ढाँचे का निर्माण
   जैसे- दौलत बेग ओल्डी हवाई पट्टी का निर्माण
   दार्बुक श्योक दौलत बेग ओल्डी सड़क का निर्माण

2. कोरोना काल में चीन की भूमिका की आलोचना वैश्विक व घरेलू स्तर पर की जा रही है।

→ इसलिए चीन इस मुद्दे से ध्यान हटाना चाहता है।

3. चीन – पाकिस्तान सम्बन्ध

4. LAC परिभाषित नहीं है।

5. पिछले कुछ समय से भारत का झुकाव अमेरिका की ओर है।
जैसे = क्वाड का निर्माण

→ इसलिए चीन भारत पर दबाव बनाना चाहता है।

6. उत्तराखंड के औली में सम्पन्न हुये युद्ध अभ्यास [भारत-अमेरिका सैन्य अभ्यास] ने चीन को उकसाया क्योंकि उसका दावा है कि यह अभ्यास LAC पर 1993 व 1996 के समझौतों का उल्लंघन है।

⊛ सीमा विवाद को कम करने के प्रयास :— [2020 की घटना के बाद]

1. तनाव को हल करने के लिए 2 प्रक्रियाओं का प्रयोग
(a) वार्ता से तनाव को कम करना
[b] सेनाओं की वापसी

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610010094

2. सैन्य स्तर पर बातचीत की जा रही है, अब तक 18 दौर की बातचीत की जा चुकी है।

3. इस प्रक्रिया को चरणबद्ध, समान्वित व सत्यापित तरीके से लागू करना।

जैसे -

(i) सर्वप्रथम पैंगोंग झील के मुद्दे को हल किया गया जिसमें भारतीय सेना फिंगर-3 के पीछे चली गई तथा चीनी सेना फिंगर 8 के पीछे।

(ii) अन्य स्थानों पर भी सेना वापसी की गई है, यद्यपि कुछ टकराव के स्थान अभी भी मौजूद है जैसे - हॉट स्प्रिंग

चीन का नया सीमा कानून :- 1 जनवरी 2022

1. यह सीमा क्षेत्र के साथ नागरिकों के लिए गाँवों के विकास की अनुमति देता है।

2. नागरिक व स्थानीय संगठनों को भी सीमा अवसंरचना की सुरक्षा व बचाव का दायित्व सौंपा गया है।

3. इससे चीनी सैनिकों को सीमा पर हथियारों के इस्तेमाल की इजाजत मिल जाती है।

समझौते :-

1. 1988 ई. - राजीव गाँधी की चीन यात्रा → संयुक्त सीमा कार्यदल और संयुक्त आर्थिक समूह

2. 1993 ई. :- सीमा पर शान्ति बनाये रखने के लिए समझौता

3. 1996 ई. :- विश्वास बहाली के उपायों हेतु समझौता

* 2003 AD :- सीमा विवाद को हल करने के लिए विशेष प्रतिनिधियों की नियुक्ति

[22 दौर की बातचीत पूरी कर ली है]

भारत के विशेष प्रतिनिधि = अजीत डोभाल

चीन = वांग यी

* 2005 ई :- सामरिक साझेदारी का समझौता

* 2005 ई. :-

→ सीमा विवाद को हल करने के लिए राजनीतिक मापदण्ड व निर्देशक सिद्धान्त निर्धारित किये गये।

जैसे -

1. सीमा निर्धारण के लिए स्पष्ट व पहचानने योग्य भौगोलिक संकेतकों का प्रयोग करना।

2. सीमा पर रह रहे लोगों के हितों की रक्षा करना।

* 2013 ई. :- सीमा सुरक्षा एवं सहयोग समझौता

* 2018 ई :- वुहान में अनौपचारिक सम्मेलन

* 2019 ई :- महाबलीपुरम, चैन्नई में अनौपचारिक सम्मेलन

* 2020ई. :- चीन व भारत के बीच राजनयिक सम्बन्धों की स्थापना की 70 वीं वर्षगाठ

* सुझाव :-

(i) LAC को पूर्ण रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए।

(ii) यह अत्यधिक जटिल व ऐतिहासिक विवाद है इसलिए दोनों पक्षों को धैर्य बनाये रखना चाहिए।

(iii) अन्य क्षेत्रों में विवादों को हल किया जाना चाहिए जिससे कि विश्वास को सशक्त किया जा सके।

(iv) सर्वप्रथम मध्य भाग को हल किया जाना

(v) समझौतों का पूर्ण रूप से पालन

समुद्री विवाद :-

* हिन्द महासागर :-

(i) भारत की 7516 km लंबी तटीय सीमा है जो हिन्द महासागर में स्थित इसकी रक्षा भारत के लिए सर्वोपरी है।

(ii) आयतन की दृष्टि से भारत के कुल व्यापार का 94% हिन्द महासागर के माध्यम से होता है।

(iii) भारत अपने ऊर्जा आयात के लिए हिन्द महासागर पर निर्भर है।

(iv) हिन्द महासागर आर्थिक महत्व के विभिन्न संसाधनों का घर है। जैसे - तेल, गैस, मत्स्य पालन

(v) ऐतिहासिक रूप से भी हिन्द महासागर पर भारत का प्रभुत्व रहा है।

→ हिन्द महासागर में चीनी गतिविधियाँ बढ़ी है जो हिन्द महासागर में भारतीय हितों के लिए चिन्ता का विषय है।

⊛ चीनी गतिविधियाँ :-

1. मोतियों की माला :-

→ इस नीति का उद्देश्य भारत को घेरना है।

→ चीन भारत की चारों दिशाओं में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जगहों पर बन्दरगाहों का निर्माण कर रहा है।



* ~~नौसैनिक~~ नौसैनिक अड्डे :- चीन भारत को घेरने के लिए हिन्द महासागर में नौसैनिक ठिकाने भी बना रहा है।

जैसे - म्यांमार = कोको द्वीप

पाकिस्तान = जिवानी

जिबूती

3. हिन्द महासागर में चीनी पनडुब्बियों की गतिविधियाँ बढ़ गई है।

→ इन पनडुब्बियों को कोलम्बो बन्दरगाह [श्रीलंका] करांची बंदरगाह [पाकिस्तान] में देखा गया।

5

(iii) 2008 ई. में चीन समुद्री लुटेरों के विरुद्ध अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लेता रहा है लेकिन यह आवश्यकता से अधिक जहाजों का प्रयोग कर रहा है।

* इन गतिविधियों से भारत के निम्नलिखित हित प्रभावित होते है -

1. भारत की समुद्री सीमा को खतरा
2. समुद्री व्यापार प्रभावित हो सकता है विशेषकर तेल व गैस का आयात
3. मत्स्य तथा अन्य संसाधनों का दोहन
4. हिन्द महासागर में भारत का प्रभुत्व कम हो जाएगा
5. पड़ोसी देशों से सम्बन्ध प्रभावित

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610100064

⊛ भारत की प्रतिक्रिया :-

→ हिन्द महासागर के तटीय देशों के साथ सक्रिय सम्बन्ध बनाये जा रहे हैं
जैसे - इण्डियन ओशियन रिम एसोसिएशन

* डबल फिश हुक रणनीति :-

→ जिसके तहत अमेरिकी सैन्य अड्डे डिएगो गार्सिया का प्रयोग
ओमान - डुकुम बंदरगाह, इण्डोनेशिया = सबंग बंदरगाह
को भारत द्वारा विकसित किया जा रहा

* ईरान में चाबहार बंदरगाह का निर्माण

* फ्रांस के रियुनियन द्वीप का प्रयोग भारत कर सकता है।

3. मालाबार युद्ध अभ्यास

4. क्वाड का निर्माण [चतुष्कोणीय सुरक्षा संवाद]

5. मिशन सागर [क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास]

शुरुआत = मई 2020

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610010004

⊛ दक्षिण - चीन सागर विवाद

1. पारासेल [वियतनाम]
2. स्कारबोरो [फिलीपिंस
स्प्रेटली [मलेशिया - ब्रुनेई]
द्वीप दक्षिण चीन सागर में स्थित है।



→ चीन ने इन द्वीप समूहों पर कब्जा कर लिया है तथा उनका सैन्यकरण कर दिया।

उदाहरण - मिसाइल लॉन्चिंग केन्द्रों की स्थापना

→ चीन ने दक्षिण चीन सागर के लगभग 80% हिस्से को अपने क्षेत्र के रूप में दावा किया।

→ चीन यह दावा अपनी ऐतिहासिक 9-डेस लाइन थ्योरी के आधार पर करता है।

→ यह दावा अन्तर्राष्ट्रीय नौवहन व हवाई परिवहन की स्वतंत्रता में में बाधा उत्पन्न करता है।

→ स्कारबोरो द्वीपों का मुद्दा फिलीपिन्स द्वारा मध्यस्थता की स्थायी अदालत में उठाया गया था, जिसने अपना फैसला फिलीपींस के पक्ष में दिया।

→ चीन ने इस फैसले को मानने से इंकार कर दिया। जो अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रति घोर अवहेलना को दर्शाता है।

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610100018

*** प्रभाव :-**

1. छोटे देशों के हित प्रभावित हो रहे है क्योंकि चाइना प्राकृतिक संसाधनों का दोहन कर रहा है।

2. चीन अन्तर्राष्ट्रीय समझौता / नियमों का उल्लंघन कर रहा
   जैसे- UNCLOS

3. द. चीन सागर एक महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग है, इसके सैन्यीकरण

→ जिससे वैश्विक व्यवस्था प्रभावित होगी।

⊛ प्रतिक्रिया :-

→ अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय चीन के इस दावे को स्वीकार नहीं करता है।

→ नौवहन व वायु परिवहन की स्वतंत्रता का समर्थन किया जाता है।

→ आसियान संगठन के द्वारा नियम आधारित व्यवस्था का समर्थन किया गया है।

→ क्वाड का निर्माण

→ यूरोपीय देशों के द्वारा अपनी नौ सेना को यहाँ भेजा गया है।

✶ ONGC विवाद

→ 1988 से ONGC दक्षिण चीन सागर में तेल संसाधनों की खोज कर रही है।

→ ONGC व वियतनाम के बीच एक समझौता हुआ था, लेकिन चीन ONGC के लिए रुकावटें व बाधायें पैदा की।

1. * हीरो के हार की रणनीति :-

- भारत ने चीन को चारों तरफ से घेरने के लिए अलग - अलग हितों वाले कई देशों के साथ सामरिक सहयोग को बढ़ाया।

जैसे - चांगी नेवल बेस – सिंगापुर = 2018

सबंग पोर्ट – इंडोनेशिया - 2018 ┐
दुक्म पोर्ट – ओमान - 2018 ┘ → सैन्य इस्तेमाल

अजम्पशन द्वीप – सेशेल्स – 2015 → सैन्य

चाबहार बंदरगाह – ईरान = बंदरगाह

THE NOTES HUB ★ 7300134518, 7610100084 ★ All Competition Books ★ Notes are Available

* भारत का सामरिक सहयोग :-

1. मंगोलिया :– सामरिक साझेदारी = 2015

→ मंगोलिया में भारत द्वारा तेल रिफाइनरी का निर्माण

2. जापान :– (i) भारत और जापान ने संयुक्त रूप से एशिया - अफ्रीका ग्रोथ कॉरीडोर बनाने की घोषणा की है।

(ii) QUAD

3. फिलीपिंस :- भारत - फिलीपिंस द्वारा दक्षिण चीन सागर में युद्ध अभ्यास किया गया।

→ भारत फिलीपिंस को ब्रह्मोस मिसाइल बेच रहा है।

4. **वियतनाम :-** भारत वियतनाम को ब्रह्मोस मिसाइल व गश्ती नौकायन बेच रहा है।

ब्रह्मपुत्र जल विवाद



→ ब्रह्मपुत्र नदी मानसरोवर के चेमायुंगडुंग ग्लेशियर से होकर गुजरती है।

→ इसे तिब्बत में यारलुंगसांगपो कहते हैं।

→ ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन द्वारा बाँधों का निर्माण किया जा रहा है।

→ जिसका विरोध भारत ने किया।

1. जल नियंत्रित करने से भारत में बाढ़ व सूखे की समस्या उत्पन्न की जा
2. भारत की जल विद्युत परियोजना प्रभावित
3. नदी के पारिस्थितिकीय तंत्र को नुकसान होगा।
4. बांग्लादेश के साथ बंटवारे को लेकर विवाद उत्पन्न हो सकते हैं।
5. यह भूकम्प संभावित क्षेत्र है।

→ भारत और चीन के बीच जल की सूचनाओं को साझा करने के लिए समझौता किया गया था परन्तु चीन इसका पालन नहीं करता

THE NOTES HUB ★ All Competition Books & Notes are Available ★ 7300134518, 7610100014

→ चीन का दावा है कि बाँध परियोजनायें रन ऑफ द रिवर प्रकार की है, जिसमें बड़े स्तर पर जल संग्रहण नहीं किया जा सकता।

→ भारत इस दावे का खण्डन करता है क्योंकि सेटेलाइट से प्राप्त तस्वीरें स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि यहाँ बड़े स्तर पर जल संग्रहण किया जा सकता है।

✳ समाधान :-

→ नदी के जल सम्बन्धी सूचनाओं में पारदर्शिता बरती जानी चाहिए।

→ भारत - चीन - बांग्लादेश को जल बँटवारे से सम्बन्धित समझौता करना चाहिए।

आर्थिक सम्बन्ध

→ भारत व चीन के बीच द्विपक्षीय व्यापार $136.26 बिलियन डॉलर का है जिसमें से चीन $118.77 बिलियन डॉलर का निर्यात करता है। भारत $17.49 bn का निर्यात करता है।

→ इस व्यापार का झुकाव चीन की ओर है। [101.28 घाटा]

* प्रभाव :-

→ यह भारत के चालू खाते के घाटे को बढ़ता है।

2. यह भारत के विदेशी मुद्रा भण्डार को घटाता है।

3. यह भारत के निर्माताओं पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है व रोजगार को प्रभावित करता है।

4. चीनी सामान की गुणवत्ता ठीक नहीं है, जिससे उपभोक्ता के हितों को नुकसान पहुँचता है।

5. चीन सामान सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा करते है।
जैसे- दूरसंचार

6. मुख्य रूप से भारत कच्चे माल का निर्यात करता है जबकि चीन तैयार माल का निर्यात करता है।

→ अतः यह औपनिवेशीक काल जैसा है।

⊛ व्यापार घाटे के कारण :-

→ चीनी उत्पाद सस्ते है क्योंकि चीन उत्पादों की डम्पिंग जैसे अनैतिक व्यापार प्रथाओं का पालन करता है।

→ डम्पिंग = जब कोई उत्पाद उत्पादन लागत से कम कीमत पर दूसरे देशों में बेचा जाता है।

→ चीन समय-समय पर अपनी मुद्रा का अवमूल्यन करता है।

→ जिससे उनके उत्पाद सस्ते हो जाते है।

→ चीन में उत्पादन का पैमाना बहुत बड़ा है जिससे प्रति यूनिट लागत घट जाती है।

→ चीन का बुनियादी ढांचा बहुत अच्छी तरह से विकसित जो इसकी उत्पादकता को बढ़ाता है।

→ तुलनात्मक रूप से लचीले पर्यावरण व श्रम कानून

→ चीन की सरकार उद्योगों को सक्रियता से मदद करती है।

→ कम दरों पर ऋण की उपलब्धता

⭐ भारत का निर्यात कम है – क्योंकि

1. भारतीय अर्थव्यवस्था में कुछ बुनियादी अवसंरचनात्मक कमियाँ है जो विकास को बाधित करती है -

जैसे - कमजोर अवसंरचना
अधिक ब्याज दरें
छोटे स्तर पर उत्पादन

→ चीन के बाजार में भारतीय उत्पादों के लिए पर्याप्त बाजार पहुँच उपलब्ध नहीं है। [गैर शुल्क बाधा]

→ विश्व व्यापार संगठन के स्वच्छता और पादप स्वच्छता उपायों के कारण चीन ने भारतीय उत्पादों पर प्रतिबंध लगाया।

बासमती चावल

→ भारत के निर्यात बास्केट में विविधता का अभाव है।

समाधान व प्रतिक्रिया :-

1. चीन के साथ विभिन्न सामरिक और आर्थिक सम्मेलन आयोजित किये गये है। जिनमें भारत ने व्यापार असन्तुलन के मुद्दे को मजबूती से रखा है।

2. चीन ने भारत को आश्वासन दिया है वह उन्हें बाजार पहुँच प्रदान करेगा।

3. भारत अपने निर्यात बास्केट में विविधता ला रहा है।

4. भारत के द्वारा ऐसे चीन उत्पाद व मोबाइल एप्प प्रतिबंधित किये गये है जो राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा है।

   जैसे- टिकटॉक

   5G के परीक्षण से हुआवे कम्पनी को अलग किया गया।

5. एंटिम डंपिंग ट्रायल

6. आत्म निर्भर भारत अभियान शुरू जिससे आयात पर निर्भरता को कम किया जा सके।

7. चीन में भारत के निर्यातों को बढ़ाने का प्रयास

8. भारत RCEP से बाहर हो गया।

   [REGIONAL

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610010004

* चीन की पहल :-

1. सिल्क रोड इकोनोमिक बेल्ट
2. मेरीटाइम सिल्क रोड

बेल्ट एंड रोड इनिशीएटिव

* बेल्ट एंड रोड इनीशीएटिव :-

→ यह चीन की महत्वकांक्षी परियोजना है। जिसके तहत चीन को यूरोप अफ्रीका, एशिया, हिन्द महासागर व प्रशान्त महासागर से समुद्री और थल मार्ग से जोड़ा जा रहा है।

→ इसे दो भागों में बांटा गया है।

1. **सिल्क रोड आर्थिक बेल्ट :-** इस पहल के तहत जमीन पर रेलवे राजमार्ग, औद्योगीक पार्क, ऊर्जा परियोजनाएं, ट्रांसमिशन लाइन व ब्रोडबैंड लाइन स्थापित की जायेगी।

2. **मेरीटाइम सिल्क रोड :-** इसके तहत समुद्रों में बंदरगाहों, गोदामों शीपयार्ड, रिफाइनरी आदि का विकास किया जायेगा।

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610010004

→ इस परियोजना से लाभ :- [उद्देश्य]

1. आर्थिक उद्देश्य :-

→ चीन नये बाजारों में निर्यात कर सकेगा।

→ चीनी कम्पनियों की नजर निवेश के नये अवसरों पर होगी।

3. चीन के वित्तीय संगठनों को वैश्विक स्तर पर सक्षमत किया जायेगा।

4. दुनियाभर में चीन मुद्रा की स्वीकार्यता बढ़ेगी।

5. यह चीन में आर्थिक आन्तरिक सम्पर्क सुनिश्चित करेगा।



2. सामरिक महत्व :-

→ चीन खुद को वैश्विक शान्ति के रूप में स्थापित करना चाहता है।

→ चीन भागीदार देशों के फैसलों को प्रभावित करना चाहता है।

→ इस परियोजना का प्रयोग अपनी सॉफ्ट पावर को बढ़ाने के लिए एक उपकरण के रूप में करेगा।

→ यह U.S.A, रूस व भारत की शान्ति व प्रभाव को कम करने का प्रयास करेगा।

→ चीन अपने आयात के लिए मलक्का जलसन्धि पर अत्यधिक निर्भर है। यह परियोजना चीन के लिए वैकल्पिक मार्ग खोलना सुनिश्चित करेगा।

* प्रभाव :-

* सकारात्मक प्रभाव :- यह परियोजना दोयागत गतिविधियों को बढ़ावा देगी। जिससे आर्थिक गतिविधियाँ व रोजगार के नये अवसरों में तेजी आयेगी।

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610100004

* नकारात्मक प्रभाव :-

1. यह भागीदारी राष्ट्रों की सम्प्रभुता पर नकारात्मक/प्रतिकूल प्रभाव डालेगा।
2. यह कई साझेदार देशों को कर्ज के जाल में फंसा सकता है।
   उदाहरण - पाकिस्तान, श्रीलंका

→ श्रीलंका ने पहले ही हम्बनटोटा चीन को 99 साल की लीज पर दे दिया है।

3. मानवाधिकारों का हनन
4. पर्यावरणीय संकट
5. दुनिया की महाशक्तियों के बीच संघर्ष

BRI पर भारत की प्रतिक्रिया :-

1. भारत ने इसका विरोध इसलिए कर रहा है क्योंकि इसका एक हिस्सा POK [चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा] से गुजरता है।

2. यह भारत की सम्प्रभुता के लिए खतरा है।

3. भारत ने इसके नकारात्मक प्रभावों को रेखांकित किया है।

4. भारत, USA, जापान के द्वारा मिलकर एशिया - अफ्रीका कॉरीडॉर की शुरुआत की गई।

5. भारत अन्तर्राष्ट्रीय पहल ब्लू डॉट नेटवर्क का हिस्सा है जो बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की व्यावहारिता को दर्शाता है।

6. G-7 समूह के द्वारा हाल ही में BUILT BACK BETTER WORLD पहल की शुरुआत की।

7. यूरोपीय संघ द्वारा ग्लोबल गेटवे नामक पहल की शुरुआत।

प्रोजेक्ट मौसम :-

→ सांस्कृतिक विविधता के माध्यम से हिंद महासागर के देशों को जोड़ने के लिए BRI के खिलाफ भारत की पहल
↳ संस्कृति मंत्रालय

THE NOTES HUB * All Competition Books * Notes are Available * 7300134518, 7610100094

* एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट बैंक :-

→ यह एक बहुउद्देश्य बैंक है। जो ढांचागत परियोजनाओं को ऋण प्रदान

→ करता है।

→ स्थापित = 2016

→ पूंजी = 100 B$

→ सदस्य = 106

→ योगदान - चीन - भारत - रूस

→ मुख्यालय = बीजींग [चीन]

THE NOTES HUB ★ 7610010064 ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518

* चीन - पाकिस्तान सम्बन्ध :-

-- 1963 में पाकिस्तान ने चीन को POK शक्सगाम घाटी [5180] वर्ग km] भेंट दी।

→ पाकिस्तान का मिसाइल व परमाणु कार्यक्रम चीन द्वारा प्रायोजित है।

→ पाकिस्तान BRI प्रोजेक्ट का अहम हिस्सा है।

→ चीन पाकिस्तान में ढांचागत परियोजनाओं का विकास कर रहा है।

जैसे - 1978 में ट्रांस काराकोरम हाइवे

* चीन - पाकिस्तान इकॉनोमिक कॉरिडोर

[यह शिनजियांग में काशगर व ग्वादर तक]

प्रारम्भ = 2015

लं. = 3000 किमी.

* अन्य परि. -

करोट बांध [POK]

कायदे - आजम [बहावलपुर, पाक]

3. साहीवाल कोयला विद्युत संयंत्र [पाक.]

4. करांची - पेशावर रेल लाइन

→ चीन - पाकिस्तान के आतंकवादी समूह को रक्षा करता है व उन्हें संरक्षण देता है।

उदाहरण - जैश ए मोहम्मद का सरगुद अजहर [पठानकोट [पुलवामा + संसद]

→ चीन NSG [परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह] में भारत का विरोध कर रहा है व पाकिस्तान का समर्थन कर रहा है।

* एक चीन नीति :-

→ चीन [PROC] केवल एक है व ताइवान उसका एक हिस्सा है।

→ चीन व ताइवान दोनों के साथ राजनयिक संबंध स्थापित नहीं किये जा सकते।

→ इसलिए अधिकतर देशों ने भारत सहित ताइवान के साथ राजनयिक सम्बन्ध स्थापित नहीं किये।

→ लेकिन अब सीमा पर चीनी आक्रामकता के कारण भारत ने एक चीज नीति का पालन करना बंद कर दिया।

* अब :-

→ ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केन्द्र = नई दिल्ली

→ भारत ने ताइवान में इण्डिया ताइपे एसोसिएशन की स्थापना की।

→ अतः भारत को एक चीन नीति को तभी मान्यता देनी चाहिए जब चीन एक भारत नीति को मान्यता दे।

* **हांगकांग का मुद्दा :-**

→ हांग-कांग 1997 तक अंग्रेजों के अधीन था।

→ 1997 में अंग्रेजों और चीन के बीच समझौता हुआ। जिसके तहत हांग-कांग को 50 साल के विशेष दर्जा दिया गया। अर्थात्

हांगकांग का — अलग संविधान
सरकार
विधायिका
पुलिस व्यवस्था आदि है।

THE NOTES HUB * All Competition Books * Notes are Available * 7300134518, 7610100064

→ एक देश दो व्यवस्थाओं के तंत्र को अपनाया।

→ परन्तु चीन हांगकांग पर अधिकार करना चाहता है।

→ इसलिए समय-समय पर ऐसे कानून पारित किये जाते है। जिससे हांग-कांग पर अधिकार किया जा सके।

जैसे - 2020 — राष्ट्रीय सुरक्षा कानून

→ चीन के विरुद्ध - अलगाववाद, अतिवाद, आतंकवाद — के कार्य करेगा, उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

→ हांगकांग ने इसका विरोध किया लेकिन चीन ने दमनकारी नीति अपनाई।

★ उइगर मुस्लिम का मुद्दा

→ ये चीन शिनजियांग प्रान्त में एक नृजातीय समूह जो अलगाववादी आन्दोलन का नेतृत्व कर रहा है।

→ चीनी सरकार ने दमनात्मक कार्यवाही अपनाई और इसके परिणामस्वरूप बड़े पैमाने पर मानवाधिकारों का हनन हुआ।

भारत - अमेरिका सम्बन्ध

→ भारत और USA के सम्बन्धों को 3 कालखंडों में बांटा जा सकता है

1. 1947 - 1991 = नकारात्मक
2. 1991 - 2005 = दबाव और सहयोग
3. 2005 के बाद = सकारात्मक

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610010004

✱ 1947 - 1991 AD :—

→ इस काल में संबंध नकारात्मक थे।

→ प्रारम्भ में U.S.A ने भारत को पूंजीवादी गुट में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

→ लेकिन भारत ने गुटनिरपेक्षता की नीति अपनाई।

→ 1955 ई. में पाकिस्तान USA के गुट का सदस्य बना।

→ जिसके बाद USA के द्वारा भारत विरोधी नीति अपनाई गई।

→ 1965 व 1971 के युद्ध में USA ने पाकिस्तान का समर्थन किया

→ भारत ने वियतनाम युद्ध में USA के हस्तक्षेप की आलोचना की

→ जिसके बाद भारत को मिलने वाली खाद्य सहायता PL-480 को रोका गया।

→ भारत ने 1974 में परमाणु परीक्षण किया [ऑपरेशन स्माइल] ←
[operation Smile Buddha]

→ USA ने इसका विरोध किया।

→ परमाणु आपूर्तिकर्ता [NSG] की स्थापना की।

* 1991 – 2005 AD :–

→ इस काल में USA के द्वारा दबाव व सहयोग की नीति अपनाई गई।

→ 1996 में भारत पर CTBT पर हस्ताक्षर करने के लिए दबाव बनाया गया। [Comprehensive Test Ban Theaty]

→ लेकिन भारत ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किये क्योंकि यह एक भेदभावपूर्ण संधि थी।

→ भारत ने 11 व 13 मई 1998 [ऑपरेशन शक्ति] को परमाणु परीक्षण किया।

→ जिसके बाद USA ने भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाये।

→ वर्ष 2000 में क्लिंटन – अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत की यात्रा की और आर्थिक प्रतिबंधों को हटाया।

→ 1999 में USA ने कारगिल युद्ध को समाप्त करने के लिए पाकिस्तान पर दबाव डाला।

→ 2001 में USA पर 9/11 का आतंकवादी हमला हुआ जिसके बाद आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक युद्ध की घोषणा की जिसमें भारत ने USA का समर्थन किया।

→ दो देशों के बीच संबंधों में सुधार हुए।

* 2005 से अब तक :-

→ 2005 में भारत और अमेरिका के बीच असैन्य परमाणु समझौते की घोषणा हुई

→ 6 सितम्बर 2008 को समझौता लागू हुआ।

* प्रावधान :-

1. भारत व USA के बीच नाभिकीय व्यापार होगा → सामग्री → तकनीक
2. भारत को NSG में खुली छूट दिलवाई जायेगी।
3. भारत अपने सैन्य व असैन्य परमाणु संयंत्रों को अलग-अलग करेगा।
4. नागरिक परमाणु संयंत्रों / असैन्य परमाणु संयंत्रों IAEA [अन्तर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा अभिकरण] की सुरक्षा नियमों का पालन किया जायेगा
5. जाँच अधिकारियों को जाँच की अनुमति दी जायेगी।

→ IAEA से सम्बन्धित प्रोटोकॉल कहलाते है - 123 Agreement

→ क्योंकि US एटॉमिक एनर्जी एक्ट की धारा - 123 में संशोधन किया गया और भारत को अपवाद के रूप में स्वीकार किया गया।

→ 2 कंपनियों ने भारत में निवेश की घोषणा की -

1. वेस्टिंग हाउस
2. जिई - हिताची

→ लेकिन अभी तक यह निवेश संभव नहीं सका।

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518

* बाधाएँ :-

→ 2010 ई. में भारतीय संसद ने CLND कानून पारित किया [परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधि.)

→ इसकी 2 धाराओं का विरोध

1. धारा 17[B] :- नाभिकीय हादसे में जिम्मेदारी ऑपरेटर की न होकर सप्लायर की होगी।

2. धारा = 46 :- परमाणु की दुर्घटना का शिकार पक्ष संचालक और आपूर्तिकर्ता दोनों के खिलाफ मामला दर्ज करवा सकता है।

* समाधान :-

→ अमेरिकी राष्ट्रपति ने 2015 में भारत का दौरा किया था तथा दोनों धाराओं में संशोधन कर इस विवाद को सुलझाया।

→ वर्तमान में वेस्टिंग हाउस को तोशिबा द्वारा अधिग्रहित किया गया तथा GE - हिताची को भूमि अधिग्रहण [आंध्रप्रदेश] में समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610100034

* भारत और USA के बीच विवाद :-

1. बौद्धिक सम्पदा विवाद

→ USA के अनुसार भारत में बौद्धिक सम्पदा अधिकारों का सम्मान नहीं किया जाता है।

– विशेष रूप से मुबीज, सॉफ्टवेयर, दवाईयों के क्षेत्र में

→ बौद्धिक संपदा अधिकारों [IPR] के उल्लंघन के लिए अमेरिका द्वारा भारत को प्राथमिकता निगरानी सूची में रखा गया है।

* मुख्य विवाद दवाईयों के क्षेत्र में हुआ

→ कोरोना में भारत ने USA से मांग की थी वह वैक्सीन पर IPR में छूट दे।

→ शुरुआत में अमेरिकी सरकार गम्भीर नहीं थी परंतु भारत की आपत्ति पर उन्होंने वैक्सीन पर IPR में छूट दी।

* पूर्व विवाद

1. GLIVEC = स्वर ग्रीनिंग
2. Nexavar = अनिवार्य लाइसेंस

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610010034

* H1-B वीजा :-

→ यह USA में कुशल श्रमिकों को दिया जानेवाला अस्थायी कार्य वीजा है।

→ भारत इस वीजा कार्यक्रम का सबसे बड़ा लाभार्थी है।

→ डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने इसके लिए कड़े नियम बनाये।

→ बाइडेन ने इन नियमों को पलट दिया।

CAATSA

* काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैन्क्शंस एक्ट - 2017

→ यदि कोई देश रूस / ईरान / उत्तर कोरिया — के साथ ऊर्जा व रक्षा व्यापार करेगा तो USA उस पर प्रतिबंध लगा सकता है।

→ यदि USA भारत पर प्रतिबंध लगाता है तो यह QUAD के उद्देश्य और चीन के खिलाफ भारत की सैन्य क्षमता को प्रभावित करेगा।

→ भारत ने इस पर अमेरिका से छूट की मांग की।

→ अमेरिका ने छूट दे दी।

* संरक्षणवादी नीतियाँ :-

→ विदेशी प्रतिस्पर्धा से घरेलू उद्योगों को बचाने की नीति।

→ USA द्वारा आयात को कम करने के लिए विभिन्न संरक्षणवादी नीतियाँ अपनाई जा रही है।

जैसे- GSP [सामान्यीकृत प्रणाली वरीयता - जनरलाइज्ड सिस्टम ऑफ प्रेफेरेंस] की सुविधा।

THE NOTES HUB * All Competition Books & Notes are Available * 7300134518, 7610010004

* GSP :-

शुरुआत = 1976

→ इसके तहत विकासशील व अल्पविकसित देशों को आयात शुल्कों में छूट व प्राथमिकता दी जाती है।

→ भारत को दी जाने वाली छूट समाप्त = 2020

→ इसके विरोध में भारत ने 28 अमेरिकी वस्तुओं पर कर शुल्क बढ़ा दिया। जैसे-
- → सेब
- → अखरोट
- → लोह-इस्पात

→ भारत के निर्यात प्रोत्साहनों व आयात शुल्कों को USA द्वारा WTO में चुनौती दी जाती है।

* भारत का डेटा स्थानीयकरण कदम :-

→ भारत गूगल, फेसबुक जैसी कम्पनियों के लिए यह नियम लागू करने की प्रक्रिया में है।

→ जो भारतीय उपभोक्ताओं से डेटा उत्पन्न तथा एकत्रित करते है उसका अमेरिका द्वारा विरोध किया जा रहा है।

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610010064

* जलवायु परिवर्तन :-

→ USA में जलवायु परिवर्तन से सम्बन्धित 2 विचारधारा है।

(A) रूढ़िवादी :-

→ रिपब्लिकन पार्टी जलवायु परिवर्तन - ग्लोबल वार्मिंग को खारिज करता है। जैसे- USA पेरिस समझौते से बाहर

→ भारत का दावा है कि अमेरिका विकसित देश के तौर पर अपने कर्तव्य से भाग रहा है।

→ उन्हें विकासशील व अल्पविकसित देशों को तकनीकी व वित्त उपलब्ध करवाना चाहिए।

* **उदारवादी विचारधारा :-**

→ डेमोक्रेटिक पार्टी भारत पर तीसरा सबसे बड़ा कार्बन उत्सर्जक होने का आरोप लगाती है।

→ भारत इसे अस्वीकार करता है क्योंकि भारत का प्रतिव्यक्ति कार्बन उत्सर्जन अभी भी बहुत कम है व भारत के विकासात्मक उद्देश्यों के लिए कार्बन उत्सर्जन की कुछ मात्रा आवश्यक है।

→ भारत अपनी नीति खुद तय करेगा यही जलवायु सम्बन्धी न्याय है।

THE NOTES HUB ★ 7300134518, 7610010004 All Competition Books ★ Notes are Available ★

सहयोग के क्षेत्र

* **राजनीतिक व सामरिक सहयोग :-**

→ भारत - अमेरिकी सम्बन्धों को वैश्विक सामरिक साझेदारी से परिभाषित किया जाता है।

→ दोनों देशों के बीच विभिन्न साझा मूल्य है।

जैसे-
- लोकतन्त्र
- मानवाधिकारों का संरक्षण
- नौवहन की स्वतंत्रता
- नियम आधारित व्यवस्था

→ राजनीतिक सहयोग के लिए सर्वोच्च राजनीतिक नेतृत्व द्वारा समय-समय पर यात्रायें की जाती है।

नमस्ते ट्रम्प, हाउडी मोदी

→ मंत्रालय स्तर पर 50 से अधिक वार्ता मंच स्थापित किये गये।

→ सबसे महत्वपूर्ण = 2+2 वार्ता

अमेरिका, आस्ट्रेलिया, जापान, रूस

* 2+2 मंत्रीस्तरीय वार्ता :-

→ यह दोनों देशों के मध्य एक उच्चतम स्तरीय संस्थागत संवाद का एक प्रारूप है।

→ इस वार्ता में दोनों देशों के विदेश, रक्षा मंत्री या सचिव भाग लेते हैं।

→ भारत के साथ 2+2 संवाद है
- → अमेरिका
- → आस्ट्रेलिया
- → जापान
- → रूस

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610100034

* 1 = 2+2 = 2018 - COMCASA

* 2 = 2+2 = दिस. 2019

→ औद्योगीक सुरक्षा अनुलग्नक

→ यह भारत में निवेश करने वाली अमेरिकी रक्षा कंपनियों के हितों की रक्षा करता है।

* 3 = 2+2 वार्ता = BECA Oct = 2020

* 4 = 2+2 वार्ता = अप्रैल = 2022

→ रक्षा आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस डायलॉग का उद्घाटन

→ अंतरिक्ष स्थितिजन्य जागरूकता व्यवस्था = अंतरिक्ष सहयोग हेतु

→ यूक्रेन संकट का अवलोकन

* 4 आधारभूत समझौते :-

→ सैन्य और प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अमेरिका ने भारत के साथ 4 समझौते पर हस्ताक्षर किये है।

(i) GSOMIA :- जनरल सिक्योरिटी ऑफ मिलिट्री इंफॉर्मेशन एग्रीमेंट = 2002
[सैन्य सूचना समझौते की सामान्य सुरक्षा]

(ii) LEMOA :- लॉजिस्टिक एक्सचेंज मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट

→ 2016 में हस्ताक्षर

→ दोनों देश निम्नलिखित के लिए एक दूसरे के सैन्य ठिकानों का प्रयोग

1. ईंधन प्राप्त करने हेतु
2. मरम्मत
3. आपदा प्रबन्धन
4. खोज व बचाव कार्यक्रम

THE NOTES HUB * All Competition Books * Notes are Available * 7300134518, 7610010084

(iii) COMCASA :- कम्युनिकेशन कंपेटिबिलिटी एंड सिक्योरिटी एग्रीमेंट
संचार संगतता और सुरक्षा समझौता = 6 sep 2018

→ सुरक्षित संचार चैनलों का प्रयोग

→ भारत द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका के रक्षा उपकरणों की अन्तर संचालनीयता और उच्चतम उपयोग

(iv) BECA :– बेसिक एक्सचेंज एंड कॉ ऑपरेशन एग्रीमेंट
[बुनियादी विनिमय व सहयोग समझौता]

→ इसके तहत दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों के मध्य भू-स्थानिक जानकारी को साझा किया जायेगा।

→ भू-स्थानिक मानचित्र व चार्ट को साझा किया जायेगा।

→ UAVs सेटेलाइट व निगरानी विमानों से प्राप्त डाटा सूचनाओं को साझा करना।

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610010004

* हिन्द प्रशान्त क्षेत्र
(एशीया प्रशान्त क्षेत्र)

→ इंडो पैसेफिक क्षेत्र एक मानसिक मानचित्र परिकल्पना है।

→ यह एक महासागरीय क्षेत्र है जिसमें शामिल है –
- a) हिन्द महासागर
- b) प्रशान्त महासागर के हिस्से
- c) पूर्वी अफ्रीकी तट

→ इस क्षेत्र में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल है
1. द. चीन सागर
2. आसियान देश
3. मलक्का जलसंधि
4. गुआम द्वीप
5. मार्शल द्वीप

* वर्तमान में भारत प्रशांत क्षेत्र में शामिल

- 1. देश = 38
- 2. विश्व का क्षेत्रफल = 44%.
- 3. विश्व की जनसंख्या = 65%.
- 4. दुनिया की कुल GDP = 62%.
- 5. दुनिया का व्यापार = 46%.

* भारत और हिन्द प्रशान्त क्षेत्र :-

→ हिन्द महासागर इक्कीसवां महासागर है जिसका नाम भारत के नाम पर है।

→ भारत इस पर प्रभुत्व स्थापित करने के साथ शान्ति, स्वीकृति व मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने का पक्षधर है।

QUAD

चतुष्कोणीय सुरक्षा वार्ता

4 = देश = अमेरिका भारत, जापान, ऑस्ट्रेलिया

2004 अनौपचारिक रूप से सूनामी के दौरान सहयोग > 2007 विदेश मंत्रियों की बैठक व चीन का विरोध > 2017 क्वाड का गठन

मार्च 2021 पहली वर्चुअल मीटिंग > सितम्बर 2021 USA में बैठक

* क्वाड के उद्देश्य :-

1. नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था, नौवहन की स्वतंत्रता और बाजार की एक उदार व्यवस्था सुनिश्चित करना।

2. समुद्री सुरक्षा

3. जलवायु परिवर्तन के जोखिमों को संबोधित करना

4. क्षेत्र में निवेश के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाना

5. ~~तनक~~ तकनीकी नवाचार को बढ़ावा देना।

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610001004

* महत्व :-

1. इसके केन्द्र में हिन्द-प्रशान्त का क्षेत्र है जो कि भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से से सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

2. इस क्षेत्र से महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग गुजरते है जो कि वैश्विक व्यापार के लिए महत्वपूर्ण है।

3. इस क्षेत्र चीन द्वारा उत्पन्न विवाद खुले, मुक्त, समावेशी व समृद्ध हिन्द-प्रशान्त के लिए खतरा है।

4. यह नियम आधारित व्यवस्था को भी प्रभावित करता है।

5. ये देश तकनीक, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, आपदा प्रबंधन तथा मानवीय सहायता के क्षेत्र में सहयोग कर सकते है।

6. यह समूह भारत की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने में मदद कर सकता है।

* क्वाड की चुनौतियाँ :-

1. इस समूह के उद्देश्य व विजन स्पष्ट नहीं है।
2. हिन्द-प्रशान्त की परिभाषा को लेकर भी मतभेद है।
3. चीन के द्वारा इसे एशियाई नाटो की संज्ञा दी गई है।
4. भारत व रूस के सम्बन्ध भी इससे प्रभावित हुए है।
5. इन देशों के बीच भी कुछ विवाद बने हुए है
   - वैक्सीन आपूर्ति
   - जलवायु परिवर्तन

* आगे की राह :-

1. इस समूह की औपचारिक बैठके आयोजित की जानी चाहिए।
2. इसके सचिवालय का निर्माण किया जाना चाहिए।
3. इसके विजन व उद्देश्यों को स्पष्ट करना
4. अन्य देशों को भी इसमें शामिल किया जाये
   - आयरलैण्ड
   - इण्डोनेशिया
   - ओमान
5. आधारभूत ढाँचे को बढ़ावा देना।

* इंडो पैसिफिक तथा क्वाड :-

→ हिन्द-प्रशान्त क्षेत्र एक व्यापक राजनीतिक-आर्थिक संकल्पना है जबकि क्वाड रणनीतिक और सैन्य परामर्श के लिए एक मंच है जिसमें भारत, USA, आस्ट्रेलिया व जापान शामिल है।

→ पूरे हिन्द प्रशान्त क्षेत्र में स्थिरता व समृद्धि सुनिश्चित व चीन का नियंत्रित करने हेतु इस सहयोग को और आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

* क्वाड शिखर सम्मेलन 2023

→ 20 मई 2023 को जापान के हिरोशिमा में

* हालिया वक्तव्य :-

→ भारत-प्रशान्त क्षेत्र के लिए स्थायी भागीदार

* पहल :-

1. स्वच्छ ऊर्जा आपूर्ति शृंखला = ऊर्जा क्षेत्र में अनुसंधान व विकास
2. क्वाड अवसंरचना कैलोशीय प्रोग्राम = स्थायी अवसंरचना निर्माण हेतु
3. केबल (संचार) संपर्क और सहनीयता के लिए साझेदारी समूह

4. क्वाड निवेशक नेटवर्क को लॉन्च किया गया।

→ सामरिक प्रौद्योगिकियों में निवेश की सुविधा के लिए एक मंच।

→ प्रशान्त क्षेत्र के पलाऊ में छोटे पैमाने पर ORAN तैनाती के लिए क्वाड समर्थन।

* IPEF
भारत-प्रशान्त आर्थिक संरचना

* उद्देश्य :-

1. भारत-प्रशान्त क्षेत्र में स्थिरता, समावेशी आर्थिक विकास निष्पक्षता व प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के उद्देश्य से भागीदार देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना।

→ यह मुक्त व्यापार समझौता नहीं है।

→ इसके 4 स्तम्भ है -

1. व्यापार = निष्पक्ष व लचीला
2. आपूर्ति श्रृंखला
3. स्वच्छ अर्थव्यवस्था = ऊर्जा व आधारभूत संरचना
4. निष्पक्ष अर्थव्यवस्था = कराधान व भ्रष्टाचार विरोधी।

→ भारत स्तम्भ 1 का भाग नहीं।

→ आपूर्ति श्रृंखला के लिए भारत ने 3T का विचार दिया
- 1. ट्रस्ट
- 2. ट्रांसपेरेंसी
- 3. टाइमलीनेस

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610100004

ICET

महत्वपूर्ण व उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल

→ शुरुआत = भारत + अमेरिका द्वारा, मई 2022

→ नेतृत्व = दोनों की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषदों द्वारा

*** सहयोग के क्षेत्र :—**

1. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस
2. क्वांटम
3. 5G / 6G
4. स्पेस
5. बायो-टेक
6. सेमी-कंडक्टर

अंतरिक्ष सहयोग

→ भारत - अमेरिका विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग समझौता = 2005

→ 2019 में 10 साल के लिए नवीनीकृत

→ निसार नामक संयुक्त परियोजना नासा व इसरो द्वारा विकसित की जा रही है।

[नासा - इसरो सिंथेटिक एपर्चर रडार]

→ मंगलयान के प्रक्षेपण के समय नासा के द्वारा गहरे अंतरिक्ष में संचार के लिए सहायता की गई।

→ भारत - USA 2016 में साइबर फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर किये गये है।

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610014054

✱ निर्यात नियंत्रण समूह :—

→ USA निर्यात नियंत्रण समूह में भारत की सदस्यता का समर्थन करता है।

1. NSG = परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह

स्थापना = 1974

सदस्य = 48

→ यह नाभिकीय सामग्री और नाभिकीय तकनीक के निर्यात को नियंत्रित करता है।

→ USA द्वारा भारत को विशेष छूट दिलवाई गई।

2. MTCR [मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण शासन]

स्थापना = 1987

सदस्य = 35

→ जून 2016 में भारत 35 वॉ सदस्य बना।

→ यह मिसाइल तकनीकों के निर्यात को नियंत्रित करता है जिनकी

1. मारक = 300 km से अधिक है

2. युद्ध भार क्षमता = 500 Kg से अधिक है।

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610010004

3. वासेनार अरेंजमेंट :-

स्थापना = 1996

सदस्य = 42

→ भारत 2017 में इसका 42 वॉ सदस्य बना।

→ यह परम्परागत हथियारों तथा द्विउपयोगी तकनीकों के निर्यात को नियंत्रित करता है।

→ 2023 में अध्यक्षता = भारत

4. ऑस्ट्रेलिया ग्रुप :-

स्थापना = 1985

सदस्य = 43

→ 43 वॉ सदस्य = भारत [2018 में]

→ यह जैविक व रासायनिक हथियारों के निर्यात को नियंत्रित करता है।

रक्षा सहयोग

→ 2005 में डिफेंस फ्रेमवर्क समझौता किया गया ।

→ 2015 में रक्षा प्रौद्योगिकी एवं व्यापार पहल नामक समझौता किया

→ USA ने 2016 में भारत को प्रमुख रक्षा सहयोगी

→ 2018 में STA-1 [रणनीतिक व्यापार प्राधिकरण] का दर्जा दिया ।

→ इसके तहत तकनीक हस्तान्तरण व रक्षा निवेश पर बल दिया गया ।

→ भारत पहला ऐसा देश है जो USA का सैन्य सहयोगी नहीं है और फिर भी STA-1 व प्रमुख सैन्य सहयोगी का दर्जा दिया गया है ।

*** मूलभूत समझौते :-**

1] GSMIA = 2002

2] LEMOA = 2016

3] COMCASA = 2018

4] BECA = 2020

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518

*** USA से किये प्रमुख रक्षा आयात :-**

1] C-130 J हरक्युलिस एयर क्राफ्ट

2] C-17 ग्लोबमास्टर

3] चिनूक हेलीकॉप्टर

4] अपाचे हेलीकॉप्टर

5] P8 I [पॉसाइडन एयरक्राफ्ट]

सैन्य अभ्यास

*** टाइगर ट्रिम्फ :-**

→ त्रिसेना मानवीय सहायता एवं आपदा राहत [HADR] अभ्यास

*** वज्र प्रहार :-**

→ विशेष सैन्य बलों का अभ्यास

*** युद्धाभ्यास :-**

→ सैन्य अभ्यास

*** मालाबार :-**

→ बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास

→ वार्षिक द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास - 1992 में शुरू

→ जापान = 2015 में शामिल

→ आस्ट्रेलिया = 2020 में शामिल

*** सी ड्रैगन**

QUAD + दक्षिण कोरिया
+ कनाडा

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610010064

आतंकवाद के विरुद्ध अभियान

→ USA ने पाकिस्तान की आर्थिक मदद बंद कर दी व आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का दबाव बनाया।

Financial Action Task Force
वित्तीय कार्रवाही कार्य बल [FATF]

स्थापना = 1989
सदस्य = 38

→ भारत भी इसका सदस्य है।

→ FATF आतंकवादी वित्तपोषण और मनी लांड्रिंग के खिलाफ कार्य करता है

* काली सूची :- विदेशी देशों के साथ कोई व्यापार नहीं व कोई निवेश नहीं।

* ग्रे लिस्ट :- इसमें निगरानी रखी जाती है।

→ पाकिस्तान को USA की मदद से FATF की ग्रे लिस्ट में शामिल [2018]

2022 - में सूची से हटाया

→ USA मदद - मसूद अजहर = अंतर्राष्ट्रीय आतंकवादी

* [व्यापारिक सम्बन्ध]
[आर्थिक]

→ 2022-23 में USA भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक सहयोगी

→ भारत से सर्वाधिक निर्यात USA में किया जाता है।

* व्यापार बढ़ाने हेतु समझौते :-

1. व्यापार नीति [ट्रेड पॉलिसी फोरम] मंच 2005 :-

→ दोनों देशों के वाणिज्य मंत्रालयों के बीच सहयोग

2. भारत-USA सीईओ फोरम :-

→ सीधे निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए

3. इंडिया-USA कमार्शियल डायलॉग

4. USA - इंडिया - बिजनेस काउंसिल

5. इंडिया - USA इकॉनोमिक एंड फाइनेंसियल पार्टनरशीप [EFP] डायलॉग

* अमेरिका का वर्चस्व

- सैन्य शक्ति
- आर्थिक शक्ति के रूप में [संस्थागत]
- सांस्कृतिक शक्ति

→ विश्व राजनीति में यदि कोई देश इतना शक्तिशाली हो जाए कि वह अन्य देशों के राजनीतिक, आर्थिक व सांस्कृतिक क्षेत्रों पर प्रभुत्व स्थापित कर ले तब इस अवधारणा को वर्चस्व कहते है।

* सैन्य शक्ति के रूप में :-

→ शीत युद्ध की समाप्ति के बाद USA ने यह वर्चस्व स्थापित किया।

→ 1990 में ईराक ने कुवैत पर आक्रमण किया।

→ अमेरिका के हस्तक्षेप के बाद शीत खाड़ी युद्ध प्रारम्भ हो गया।

→ USA ने ऑपरेशन डेजर्ट स्टॉर्म और ऑपरेशन डेजर्ट शील्ड लॉन्च किया।

→ उन्नत तकनीक के प्रयोग के कारण इसे कम्प्युटर युद्ध कहा जाता है।

→ इसे वीडियो गेम युद्ध भी कहा जाता है क्योंकि इसे पूरी दुनिया में प्रसारित किया गया।

→ 1998 ई. में आतंकवादियों ने दार-उल-इस्लाम तंजानिया, नैरोबी - केन्या में अमेरिका दूतावास पर हमला किया।

→ अमेरिका ने ऑपरेशन इन्फाइनाइट रीच शुरू किया। व सूडान और अफगानिस्तान पर हवाई हमले किये गये।

THE NOTES HUB ★ All Competition Books ★ Notes are Available ★ 7300134518, 7610010004

→ 11 सितम्बर 2001 को अमेरिका पर आतंकवादी हमला हुआ।

→ USA ने ऑपरेशन इंड्योरिंग फ्रीडम शुरू किया व अफगानिस्तान पर हमला किया व तालिबान को सत्ता से हटाया गया।

→ 2003 में USA ने Operation Iraqi freedom के तहत ईराक पर हमला किया।

→ सद्दाम हुसैन को सत्ता से हटा दिया गया।

→ इस युद्ध का घोषित उद्देश्य नरसंहार के हथियारों को समाप्त करना था। लेकिन वास्तविक उद्देश्य ईराक के तेल संसाधनों पर कब्जा करना था।

* संस्थागत्मक [आर्थिक] शक्ति के रूप में :-

→ USA विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

→ वैश्विक वित्तीय संस्थाओं पर USA का प्रभुत्व है।

→ जैसे - विश्व बैंक
IMF

→ विश्व व्यापार में USA का हिस्सा लगभग 15% है। जिसमें संरक्षणवादी व उदारवादी नीतियों को प्रभावित किया जाता है।

